₹ 36 प्रति लीटर के दूध के साथ पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण का मूल्य ₹ 28 प्रति लीटर हो जाये ?

(*a*) 9 : 7 (*b*) 7 : 9 (*c*) 9 : 2 (*d*) 7 : 2

30% सान्द्रता वाले ऐलकोहल को 50% सान्द्रता वाले ऐल्कोहल में किस अनुपात में मिलाया जाये कि 35% सान्द्रता वाला ऐल्कोहल प्राप्त हो ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 2 : 1 (*b*) 3 : 1 (*c*) 6 : 7 (*d*) 3 : 5

एक दुकानदार को ₹ 30 प्रति किग्रा० के चावल को ₹ 40 प्रति किग्रा० के चावल के साथ किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण का मूल्य ₹ 33 प्रति किग्रा० हो जाये ?

(*a*) 3 : 7 (*b*) 5 : 7 (*c*) 7 : 3 (*d*) 7 : 5

सिप्रिट के साथ पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण को लागत मूल्य पर बेचने से 20% लाभ हो ?

(*a*) 5 : 2 (*b*) 5 : 1 (*c*) 5 : 3 (*d*) 5 : 4

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)

शुद्ध दूध से भरे किसी बर्तन से 20% दूध निकालकर उतनी ही मात्रा में पानी डाल दिया जाता है. यह प्रक्रिया कुल तीन बार की जाती है. तीसरी प्रक्रिया के बाद बर्तन में शुद्ध दूध की मात्रा घटकर कितनी रह जायेगी ?

(*a*) 40% (*b*) 50% (*c*) 51·2% (*d*) 58·8%

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

729 मिली० मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 7 : 2 है. इसमें कितना पानी और डाला जाये कि नये मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 7 : 3 हो ?

(*a*) 79 मिली० (*b*) 72 मिली० (*c*) 81 मिली० (*d*) 91 मिली०

4. किसी सारणी में कुल 7 पंचभुज तथा षट्भुज हैं। यदि भुजाओं की कुल संख्या 38 है, तब पंचभुजों की संख्या क्या है?

RRB इलाहाबाद (TC/Tr. Clerk) 2013

(a) 3 (b) 2 (c) 5 (d) 4

7. एक दुकानदार ₹ 100 प्रति किग्रा० के शुद्ध घी को ₹ 50 प्रति किग्रा० वाले वनस्पति घी के साथ मिलाकर मिश्रण को ₹ 96 प्रति किग्रा० की दर से बेचकर 20% लाभ कमाता है. किस अनुपात में दोनों प्रकार के घी मिलाये गये हैं ? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2008)**

(*a*) 1 : 2 (*b*) 3 : 2 (*c*) 3 : 1 (*d*) इनमें से कोई नहीं

एक व्यापारी के पास 1000 किग्रा० चावल हैं. इसका कुछ भाग वह 8% लाभ पर तथा शेष 18% लाभ पर बेचता है. यदि कुल मात्रा पर उसे 14% लाभ मिले तो 8% लाभ पर उसने कितना चावल बेचा ?

(*a*) 400 किग्रा० (*b*) 560 किग्रा० (*c*) 600 किग्रा० (*d*) 640 किग्रा०

5. एक व्यक्ति के पास ₹ 100000 थे. वह इसमें से कुछ धन को 9% वार्षिक दर पर तथा शेष धन को 10% वार्षिक दर से साधारण ब्याज पर देता है. यदि इनसे उसकी कुल वार्षिक आय ₹ 9400 हो, तो 10% की दर पर उसने कितना धन उधार दिया ?

(*a*) ₹ 60000 (*b*) ₹ 40000 (*c*) ₹ 36500 (*d*) ₹ 45000

दो बर्तनों *A* तथा *B* में रखे मिश्रणों में दूध और पानी के अनुपात क्रमशः 5 : 3 तथा 2 : 3 हैं. इन दोनों मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाये कि नये मिश्रण में आधा दूध तथा आधा पानी हो ?

(*a*) 10 : 9 (*b*) 9 : 10 (*c*) 5 : 2 (*d*) 4 : 5